INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang) | 09.02.25 |
|---|---|---|
| Worksheet | Topic: पठित गद्यांश व पद्यांश | Note: Pls. slove the worksheet. |

**प्रश्न 1 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए –**

सीस पगा न झगा तन में, प्रभु! जाने को आहि बसै केहि ग्रामा।
धोती फटी-सी लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहिं सामा।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसो वसुधा अभिरामा।
पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।

प्रश्न 1. सुदामा किसके महल के सामने खड़े थे?
(क) श्री कृष्ण के (ख) राधा के (ग) सेनापति के (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2. सुदामा कौन थे?
(क) बलराम के बचपन के मित्र (ख) राधा के बचपन के मित्र
(ग) श्री कृष्ण के बचपन के मित्र (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 3. 'द्विज दुर्बल' शब्द का क्या अर्थ है?
(क) मोटा ब्राह्मण (ख) दुर्बल ब्राह्मण (ग) दो ब्राह्मण (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 4. सुदामा श्री कृष्ण के पास किस अवस्था में गये थे?
(क) अच्छी अवस्था में (ख) दयनीय अवस्था में (ग) स्वस्थ अवस्था में (घ) बीमार अवस्था में

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए –**

कै वह टूटी-सी छानी हती, कहँ कंचन के अब धाम सुहावत।
कै पग में पनही न हती, कहँ लै गजराजहू ठाढ़े महावत।।
भूमि कठोर पै रात कटै, कहँ कोमल सेज पर नींद न आवत।
कै जुरतों नहिं कोदी-सवाँ, कहँ प्रभु के परताप ते दाख न भावत।।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम बताएँ ।
(क) कृष्ण चरित (ख) राम चरित (ग) मीरा चरित (घ) सुदामा चरित

प्रश्न 2. सुदामा के पास पहले टूटी-फुटी सी फूस की झोंपड़ी थी, अब उसके स्थान पर क्या है?
(क) सोने का का महल (ख) ईट का महल (ग) लकडी का महल (घ) पत्थर का महल

प्रश्न 3. 'गजराजहु' शब्द का क्या अर्थ है?
(क) हाथियों के रहने का बसेरा (ख) हाथियों का झुंड (ग) हाथियों के ठाट-बाट (घ) हाथियों का राजा

प्रश्न 4. सुदामा जब गरीब थे तो उन्हें कौन सा भोजन खाने को मिलता था ?
(क) चावल (ख) किशमिश-मुनक्का (ग) दाल-रोटी । (घ) पीज़ा ।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए –**

*लाला झाऊलाल को खाने-पीने की कमी नहीं थी। काशी के ठठेरी बाजार में मकान था। नीचे की दुकानों से एक सौ रुपये मासिक के करीब किराया उतर आता था। अच्छा खाते थे, अच्छा पहनते थे, पर ढ़ाई सौ रुपये तो एक साथ आँख सेंकने के लिए भी न मिलते थे। इसलिए जब उनकी पत्नी ने एक दिन एकाएक ढाई सौ रुपये की माँग पेश की, तब उनका जी एक बार जोर से सनसनाया और फिर बैठ गया। उनकी यह दशा देखकर पत्नी ने कहा- 'डरिए मत, आप देने में असमर्थ हों तो मैं अपने भाई से माँग लूँ?'*

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम बताएँ ।

(क) कामचोर (ख) सुदामा चरित (ग) टोपी (घ) अकबरी लोटा

प्रश्न 2. लाला झाऊलाल का मकान कहाँ था?

(क) काशी के ठठेरी बाजार में (ख) काशी के गठरी बाजार में

(ग) काशी के नठेरी बाजार में (घ) काशी के पटोरी बाजार में

प्रश्न 3. झाऊलाल के मकान के नीचे ______ थी?

(क) गलियाँ (ख) दुकानें (ग) सड़कें (घ) बजार

प्रश्न 4. लाला झाऊलाल की पत्नी ने झाऊलाल से कितने पैसे माँगे?

(क) तीन सौ रुपये (ख) सौ रुपये (ग) दो सौ रुपये (घ) ढाई सौ रुपये

**प्रश्न 4 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए –**

लाला झाऊलाल मुश्किल से दो-एक घूँट पी पाए होंगे कि न जाने कैसे उनका हाथ हिल उठा और लोटा छूट गया। लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी जमाने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी। लाला को काटो तो बदन में खून नहीं। ए चलती हुई गली में ऊँचे तिमंजले से भरे हुए लोटे का गिरना हँसी-खेल नहीं।

प्रश्न 1. लाला झाऊलाल लोटे से क्या पी रहे थे?

(क) चाय (ख) पानी (ग) दूध (घ) जूस

प्रश्न 2. किसके हाथ से लोटा छूटकर गिर गया?

(क) झाऊलाल के मित्र के (ख) झाऊलाल के पत्नी के

(ग) लाला झाऊलाल के (घ) झाऊलाल के भतीजे के

प्रश्न 3. पृथ्वी की आकर्षण शक्ति को न्यूटन ने क्या नाम दिया?

(क) बलपूर्वक (ख) गुरुत्वाकर्षण (ग) गुरुत्वाघर्षण (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 4. लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह ________ चल पड़ा।

(क) नीचे गली की ओर (ख) ऊपर की ओर (ग) खेत की ओर (घ) वन की ओर

===========================================================